Reg. No. 526

J.P. MEMORIAL CHARITABLE TRUST

102, EWS Katju Bag Colony Teliyarganj, Prayagraj

JPM Foundation

Date..................

जे0पी0 मेमोरियल चैरिटेबुल ट्रस्ट की बैठक 03.05.2022 का कार्यवृत्त

दिनांक 12.06.2022 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेंडा के आलोक में आज दिनांक 03.05.2022 को जे0पी0 मेमोरियल चैरिटेबुल ट्रस्ट ई0डब्लू0एस0 102, काटूज बाग कालोनी, पो0 तेलियरगंज, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के प्रबंध कारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जे0पी0 मेमोरियल चैरिटेबुल ट्रस्ट के बैठक कक्ष में प्रातः 10:00 बजे निम्नलिखित एजेंडा के आलोक में बैठक आरंभ हुई।

एजेंडा–

1. प्रबन्ध समिति की पिछली बैठक की पुष्टि है प्रस्ताव।
2. पूर्व प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।
3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

क्र.सं.	नाम	पद	हस्ताक्षर
1.	ओम प्रकाश सिंह	अध्यक्ष / मैनेजिंग ट्रस्टी	[signature]
2.	मनोज कुमार कनौजिया	महासचिव	[signature]
3.	ज्योति राय फूले	उपाध्यक्ष	Jyoti Rao Phule
4.	संजय कुमार कनौजिया	सचिव विधि सलाहकार	[signature]
5.	सत्येन्द्र सिंह पटेल	कोषाध्यक्ष	Satyendra

न्यासियों को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुई:–

प्रस्ताव–1

प्रबन्ध कारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही सचिव विधि सलाहकार ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

प्रस्ताव–2

मनोज कुमार कनौजिया महासचिव ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था जिसके क्रम में ट्रस्ट द्वारा हाईकोर्ट द्वारा में रिट दाखिल की गई है। अतः ट्रस्ट द्वारा, ग्राम कोहड़िया गन्ने तह0 बारा, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

अनुमोदन–

उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से ग्राम कोहड़िया गन्ने तह0 बारा, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना संबंधी कार्यवाही हेतु अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह को अधिकृत किया गया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन आदि मदों में व्यय हेतु ट्रस्ट के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्य हेतु भी अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह को अधिकृत किया गया।

J.P. MEMORIAL CHARITABLE TRUST

102, EWS Katju Bag Colony Teliyarganj, Prayagraj

Date..................

प्रस्ताव–3

श्री संजय कुमार कनौजिया, सचिव विधि सलाहकार ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु जे0पी0 मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (J.P. Memorial Institute of Pharmacy) नाम प्रस्तावित किया।

अनुमोदन–

उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम जे0पी0 मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (J.P. Memorial Institute of Pharmacy) रखने का समर्थन कि

प्रस्ताव–4

श्री मनोज कुमार कनौजिया, महासचिव यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु ... कर दिया जाए तथा ग्राम कोहड़िया गन्ने तह0 बारा, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में उपलब्ध ट्रस्ट की भूमि आराजी सं0 9मि0 रकबा 3.0190हे0 में से 1.1410हे0 को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज हेतु चिन्हित कर दिया जाए।

अनुमोदन–

उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरांत सर्वसम्मति से ग्राम कोहड़िया गन्ने तह0 बारा, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में उपलब्ध से ट्रस्ट की भूमि आराजी सं0 9मि0 रकबा 3.0190हे0 में से 1.1410हे0 को जे0पी0 मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (J.P. Memorial Institute of Pharmacy) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया गया तथा अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव–5

सत्येन्द्र सिंह पटेल कोषाध्यक्ष ने प्रस्तावित जे0पी0 मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (J.P. Memorial Institute of Pharmacy) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/अध्यक्ष (Head of Institution/President) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।

अनुमोदन–

उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह को प्रस्तावित जे0पी0 मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के संस्था प्रमुख/अध्यक्ष (Head of Institution/President)के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदय ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन किया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित जे0पी0 मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (J.P. Memorial Institute of Pharmacy) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

अन्य विषय प्रस्तावना होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद उपरांत सभी ... कार्यवाही संपन्न हुई।